# अभियांत्रिकी सप्ताह शुरू

**गंगरार** | यहां मेवाड़ विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी सप्ताह का उद्घाटन प्रेसिडेंट डॉ. वीएन राजशेखरन पिल्लई ने सोमवार को किया। सप्ताह के दौरान अभियांत्रिकी व विज्ञान से संबंधित गतिविधियां होंगी। सप्ताह के समापन के अवसर पर कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. मनीष मोहन गोरे का व्याख्यान होगा। अभ्युदय फाउंडेशन चित्तौड़गढ़ की ओर से ड्रग मुक्ति संबंधित एक विशेष कार्यक्रम होगा। सप्ताह का आयोजन विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग व टेक्निकल टुडे क्लब के तत्वाधान में होगा।

http://epaper.bhaskar.com/detail/1271932/91212339854/0/map/tabs-1/09-12-2017/411/4/image/

# मेवाड़ विवि में अभियांत्रिकी सप्ताह शुरू

**गंगरार.** मेवाड़ विश्वविद्यालय में सोमवार को विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ बीएन राजशेखरन पिल्लई ने अभियांत्रिकी सप्ताह का शुभारंभ किया। सप्ताह के दौरान प्रत्येक दिन अभियांत्रिकी एवं विज्ञान से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने चार्ट एवं मॉडलों के माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में आने वाली नई तकनीकों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी। अभियांत्रिकी सप्ताह में ड्रीम बिग, टॉकिंग पॉइंट व मास्टर माइंड नामक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियांत्रिकी सप्ताह के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वैज्ञानिक डॉ मनीष मोहन गोरे कई प्रकार की जानकारियां साझा करेंगे। समापन के दिन ही ड्रग मुक्ति से संबंधित एक विशेष कार्यक्रम होगा। अभियांत्रिकी सप्ताह का आयोजन विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग एवं टेक्निकल टुडे क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा।

पत्रिका Tue, 12 September 2017
epaper.patrika.com//c/2206062